## संपादकीय

# सहमी हुई दिल्ली

सोमवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा का जो तांडव हुआ, उसने जहां पुलिस-प्रशासन की विफलता को उजागर किया, वहीं सत्ताधीशों को भी चेताया कि बातचीत के दरवाजे खुले रखें, अन्यथा दिल्ली में जारी आंदोलन अराजक तत्वों के हाथ में जा सकते हैं। सोमवार की हिंसा में एक पुलिसकर्मी समेत आठ लोगों की मौत और साठ से अधिक लोगों का घायल होना स्थिति की गंभीरता की ओर इशारा है। सीएए के विरोध व समर्थन की मुहिम में सांप्रदायिक रंग चढ़ना, बेहद चिंता की बात है, जो बाकी दिल्ली को भी चपेट में ले सकता है। यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह हिंसा ऐसे समय पर क्यों हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की यात्रा पर थे क्या सुरक्षाबलों का ध्यान इस यात्रा से जुड़े कार्य  मों पर केंद्रित था जो समय रहते हिंसा की साजिश की भनक उन्हें नहीं लग पायी। क्या इस हिंसा के पीछे राजनीतिक दलों की भी उकसावे की भूमिका थी निःसंदेह सीएए के विरोध व समर्थन को लेकर जैसा सामाजिक व राजनीतिक ध्रुवीकरण दिल्ली में हुआ है, उसको लेकर कई तरह की आशंकाएं जाहिर की जा रही थीं। सवाल यह भी है कि जब शाहीनबाग में आंदोलन जारी था तो क्यों अन्य जगहों में सुनियोजित ढंग से अलग आंदोलन शुरू किये गये। फिर ऐसी जगहों को चुनने की क्या मंशा थी, जहां यातायात समेत बड़े सार्वजनिक जीवन को बाधित किया जा सके। कुल मिलाकर हालात को अराजक स्थिति तक पहुंचाने की सुनियोजित कोशिशें हुई हैं। कहीं न कहीं दिल्ली-पुलिस व प्रशासन द्वारा तेइस फरवरी को सीएए समर्थकों व विरोधियों के बीच हुए टकराव को गंभीरता से न लेने की चूक का खमियाजा सोमवार को हुई हिंसा के रूप में दिल्लीवासियों को झेलना पड़ा। जिसमें किसी हद तक राजनेताओं के भड़काऊ बयानों की भूमिका भी रही है, जिसकी परिणति हालिया हिंसा के रूप में सामने आई। निःसंदेह पिछले कुछ समय से दिल्ली में जारी आंदोलनों पर हुई राजनीति और तल्खबयानी ने दिल्ली की फिजा को विषैला बनाया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरणों की कोशिशों ने भी दिल्ली की समरसता को पलीता लगाया है। देर से ही सही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री समेत तमाम पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत करके विधायकों व पुलिस में समन्वय बनाने का आग्रह किया है। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि बाहरी तत्व यहां आकर दिल्ली की फिजा को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी पहचान करके सख्त कार्रवाई किये जाने की जरूरत है। निःसंदेह हालिया घटना  म के चलते दिल्ली में जो अविश्वास का माहौल बना है, उसे देखते हुए सामाजिक समरसता के लिए अतिरिक्त  प्रयास किये जाने की जरूरत है। इसके लिए शांति समितियों को सक्रिय करने की भी बात की जा रही है। दिल्ली की हिंसा से पूरा देश चिंतित है।

# बीएसई की 1,767 कंपनियों में शुरुआती कारोबार में रही गिरावट

**नयी दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना वायरस के भय से आक्रांत शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में भारी बिकवाली देखने को मिली। बीएसई की 1,700 से अधिक कंपनियों में बिकवाली हुई। इनमें से अधिकांश कंपनियां मिडकैप या स्मॉलकैप की हैं।**



इस बिकवाली के कारण समूह ए, बी, टी और जेड की 323 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर आ गये। बीएसई की 205 कंपनियों के शेयरों में स्वीकृत दायरे तक की गिरावट रही। हालांकि 274 कंपनियों ने बाजार की चाल के विपरीत प्रदर्शन किया और इनके शेयरों में बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1163 अंक यानी 2.93 प्रतिशत गिरकर 38,582.66 अंक पर चल रहा था। एनएसई का निफ्टी भी 350.35 यानी 3.01 प्रतिशत गिरकर 11,282.95 अंक पर चल रहा था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भारी गिरावट देखने को मिली। इस कारण निवेशकों ने कारोबार के कुछ ही देर में 4,65,915.58 करोड़ रुपये गंवा दिये। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस गिरावट के बाद 1,47,74,108.50 करोड़ रुपये पर आ गया।

# विस्तार को मिला बोइंग का पहला ड्रीमलाइनर विमान



**वाशिंगटन।** घरेलू विमानन कंपनी विस्तार को बोइंग के पहले ड्रीमलाइनर विमान की आपूर्ति हो गयी है। कंपनी बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का परिचालन करने वाली पहली भारतीय विमानन कंपनी बन जाएगी।

कंपनी के अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस विमान की पंजीयन संख्या वीटी-टीएसडी है। यह विमान शुक्रवार को यहां से बोइंग के संयंत्र से उड़ान भरेगा और शनिवार को दोपहर दो बजे दिल्ली पहुंचेगा। विस्तार ने बोइंग से छह ड्रीमलाइनर विमान खरीदे है। दूसरा ड्रीमलाइनर भी कंपनी को जल्द ही मिलने वाला है। इस विमान में तीन श्रेणियों बिजनेस, प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी में 299 सीटें हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस विमान की तीनों श्रेणियों में हर सीट के साथ पैनासोनिक का एचडी डिस्प्ले वाला टेलीविजन लगा है तथा इसमें वाईफाई इंटरनेट की भी सुविधा है।

## शुरुआती कारोबार में 33 पैसे गिरा रुपया



**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की जारी निकासी के कारण शुक्रवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया 33 पैसे गिर गया। कारोबारियों ने कहा कि शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 11 सौ अंक से अधिक की गिरावट के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। रुपया गिरकर 71.90 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कुछ ही देर में 71.94 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। यह पिछले दिवस की तुलना में 33 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को भारतीय मुद्रा 71.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि कोरोना वायरस से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकने वाले असर को लेकर निवेशकों में चिंताएं हैं। इसके अलावा एफपीआई की बिकवाली जारी रहने से भी रुपये पर दबाव है।

# टेस्ट में विकेटों की ट्रिपल सेंचुरी से केवल 3 विकेट दूर इशांत शर्मा

**» क्राइस्टचर्च में हासिल कर सकते हैं मुकाम**



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार पेसर इशांत शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार से सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारतीय टीम की कोशिश इस मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी करने की होगी। टीम इंडिया को वेलिंग्टन में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

पेसर इशांत क्राइस्टचर्च टेस्ट खेलने के लिए जब उतरेंगे तो उनकी नजरें भी अपने नाम एक उपलब्धि करने पर लगी होंगी। पहले टेस्ट में इशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्होंने पहली पारी में 5 विकेट झटके थे। यदि वह क्राइस्टचर्च में तीन विकेट और लेने में कामयाब होते हैं तो वह एक एलीट क्लब में शामिल हो जाएंगे। 31 साल के इशांत के नाम अभी तक 97 टेस्ट मैचों में 297 विकेट हैं।

# रेलवे ने आज चलने वालीं 545 ट्रेनें रद्द की



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए आज (शुक्रवार) के दिन बड़ी खबर है। भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को कई यात्री ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया है या उनके मार्ग में परिवर्तन कर दिया है। रेलवे ने रद्द होने वाली ट्रेनों की लिस्ट जारी कर दी है।

रद्द होने वाली ट्रेनों में सुपरफास्ट, हमसफर एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे के मुताबिक, रेलवे ट्रैक पर हो रहे मरम्मत के कारण और कुछ रूटों पर दोहरीकरण की वजह से ट्रेनों को रद्द किया गया है। रेलवे के अनुसार, शुक्रवार को कुल 545 ट्रेनें रद्द हैं। जानकारी के मुताबिक इन रद्द ट्रेनों में 400 ट्रेनों को पूर्ण रूप से कैंसिल कर दिया गया है। वहीं, 145 ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल किया गया है।

इसके साथ ही शुक्रवार को 26 ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। वहीं, 23 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। शुक्रवार को रद्द रहने वाली ट्रेनों में स्पेशल ट्रेन, पैसेंजर ट्रेन, मेल, सुपरफास्ट और एक्सप्रेस समेत कई रेलगाड़ियां शामिल हैं।

रद्द रहने वाली ट्रेनों की पूरी सूची रेलवे की वेबसाइट पर जाकर देखी जा सकती है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उसमें बड़ी संख्या में यूपी और बिहार को जाने वाली ट्रेनें हैं। ट्रेनों के कैंसिल होने के कारण बिहार और यूपी जाने वाले यात्रियों को खासा दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

# सीरीज बराबर करने के लक्ष्य के साथ उतरेगा भारत



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद शनिवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम आखिरी मैच जीत सीरीज बराबर करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले मुकाबले में 10 विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व वाली विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम ने मात्र सवा तीन दिन के खेल में ही कीवी टीम के आगे घुटने टेक दिए थे। भारतीय टीम ने हालांकि न्यूजीलैंड दौरे की शुरुआत पांच मैचों की टी-20 सीरीज को रिकॉर्ड 5-0 से जीतकर की थी लेकिन उसके बाद हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज में उसे 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। वनडे में मिली हार के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में भी भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उसे मेजबान टीम के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा। पहले मुकाबले में भारतीय टीम की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और उसके शीर्ष क्रम ने खासा निराश किया।

# इंडिगो ने एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर लॉन्च किया क्रेडिट कार्ड



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर 'का-चिन' के नाम से क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विलियम बोल्टर ने एचडीएफसी बैंक के भारत में विपणन तथा भुगतान समाधान कारोबार के प्रमुख पराग राव की मौजूदगी में गुरुवार रात यहाँ एक कार्यक्रम यह कार्ड लॉन्च किया। कार्ड दो संस्करणों '6ई रिवार्ड्स' और '6ई रिवार्ड्स एक्सएल' में लॉन्च किया गया है। 'एक्सएल' संस्करण का वार्षिक शुल्क और उस पर मिलने वाले फायदे ज्यादा होंगे। राव ने कहा कि इस कार्ड पर मिलने वाले फायदे और रिवॉर्ड प्वाइंट एचडीएफसी बैंक के किसी भी को-ब्रांडेड कार्ड के मुकाबले ज्यादा हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा।

वृषभः आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा।

मिथुनः पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

कर्कः बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति ककर कोष की स्थिति को मजबूत होगी।

सिंहः राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी।

कन्याः राशि का स्वामी बुध आज षष्ठम शत्रु में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

तुलाः आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नए स्रोत बनेंगे।

वृश्चिकः आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा, प्रियजनों से भेंट होगी।

धनुः आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

मकरः आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक मजबूत होगी।

कुंभः पत्नी की अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

मीनः वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी।

# सौरभ गांगुली की बायॉपिक दादागीरी में होंगे रितिक रोशन



पिछले कुछ सालों से बॉलिवुड में स्पोर्ट्स बायॉपिक बनाए जाने का ट्रेंड चल रहा है। केवल प्रड्यूसर-डायरेक्टर्स ही नहीं बल्कि बॉलिवुड ऐक्टर्स भी स्पोर्ट्स बायॉपिक में काम करना चाहते हैं। इस समय परिणीति चोपड़ा साइना नेहवाल की बायॉपिक में काम कर रही हैं जबकि अजय देवगन इस समय मैदान में काम कर रहे है जो कि एक स्पोर्ट्स बायॉपिक है। हाल में हमने आपको खबर दी थी कि प्रड्यूसर-डायरेक्टर करण जौहर पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली की बायॉपिक बनाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई कन्फर्म रिपोर्ट तो सामने नहीं आई है लेकिन पता चला है कि इस बारे में करण जौहर कई बार सौरभ गांगुली से मुलाकात कर चुके हैं। सौरभ को हमेशा दादा कहकर पुकारा जाता है इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म का नाम दादागीरी होगा। इस रिपोर्ट के आने के बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में सौरभ गांगुली का किरदार कौन बॉलिवुड ऐक्टर निभाएगा।

कहा जा रहा है कि संभव है कि सौरभ गांगुली का यह किरदार रितिक रोशन को मिल सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सौरभ खुद कह चुके हैं कि वह रितिक को पसंद करते हैं और अगर उनकी बायॉपिक बने तो उसमें रितिक रोशन को ही लीड रोल में कास्ट किया जाए। इस बारे में ऑफिशल अनाउंसमेंट तो नहीं हुआ है लेकिन अगर ऐसा होता है तो रितिक को सौरभ गांगुली के किरदार में देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पहले ऐसी खबरें भी आई थीं कि एकता कपूर भी सौरभ गांगुली की बायॉपिक बनाने में इंट्रेस्टेड हैं।

# अजय देवगन के साथ रोहित शेट्टी की सिंघम 3




अजय देवगन के साथ सिंघम और रणवीर सिंह के साथ सिंबा जैसी हिट फिल्म देने के बाद रोहित शेट्टी इस फ्रैंचाइज़ी की तीसरी फिल्म सूर्यवंशी लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसमें लीड रोल में अक्षय कुमार नजर आनेवाले हैं। यह फिल्म अभी रिलीज़ भी नहीं हुई है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि रोहित के दिमाग में इस फिल्म के बाद की प्लानिंग शुरू हो चुकी है।


हाल ही में रोहित शेट्टी से जब यह सवाल किया गया कि सूर्यवंशी के बाद उनकी कौन सी फिल्म होगी, जो पुलिस की दुनिया से जुड़ी होगी तो उन्होंने झट से जबाव देते हुए कहा कि अक्षय और कटरीना की इस फिल्म के बाद सिंघम का तीसरा इंस्टॉलमेंट लेकर आएंगे वह। याद दिला दें कि साल 2011 की हिट फिल्म सिंघम में अजय देवगन नजर आए थे और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसकी सफलता को देखते हुए इसका सीक्वल भी रेडी हुआ और यह भी बॉक्स ऑफिस पर उतनी ही शानदार रही। सिंघम में एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की कहानी दिखाई गई है, जो अपनी ईमानदारी का साथ कभी नहीं छोड़ता। इसके बाद आई साल 2014 में सिंघम 2, जिसका पंच लाइन आता माझा सटकली खूब पॉप्युलर भी हुआ।

# स्वाद से संगम है 'हरियाली पनीर' जाने बनाने की रेसिपी

## सामग्री

- पनीर - 200 ग्राम
- पुदीना - 1 कप (कटा हुआ)
- धनिया - 1 कप (कटा हुआ)
- हरी मिर्च - 2-3 ( कटी हुआ)
- अदरक - 1 टेबलस्पून (कटा हुआ)
- लहसुन - 5-6 कलियां (कटा हुआ)
- अमचूर पाउडर - 1 टेबलस्पून
- गरम मसाला - 1/2 टेबलस्पून
- नमक - स्वादानुसार
- दही - 1 कप
- ऑयल - आवश्यकतानुसार
- टमाटर - 2 (गार्निश के लिए)
- नींबू - 1 (गार्निश के लिए)

## विधि



सबसे पनीर को चौकोर टुकड़ों में काट कर एक तरफ रख दें। अब बाकी के सभी मसालों और सब्जियों को मिक्सी में पीसकर स्मूद सा पेस्ट बनाएं। तैयार पेस्ट को पनीर पर अच्छे से फैलाते हुए लगाए। अब एक पैन में थोड़ा ऑयल डालें। उस पर पनीर रखें और हल्का भूरा होने तक पकाएं। आपका हरियाली पनीर बन कर तैयार है। गार्निश के लिए टमाटर को गोल आकार में काट लें। उस पर तैयार पनीर रखें और ऊपर से नींबू का रस डालकर खाएं और सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |